कुमारी सारिका गाडिया की विशिष्ठ उपलब्धि

माई झुं. न्यूज। विश्व विख्यात टाटा कन्सलटेन्सी सर्विसेज लि. ने कार्य के प्रति निष्ठा एवं प्रतिभा का आदर करते हुए वेबसाईट के क्षेत्र में नवीनतम एवं अति आधुनिक पद्धति के विषय में अभ्यास हेतु गाडिया परिवार की लाडली बिटिया कुमारी सारिका गाडिया पुत्री रमा-सुभाष गाडिया मुम्बई को स्वीजरलैंड भेजा है। परिवार की बिटियां की इस उपलब्धि पर परिवार एवं समाज अति गौरवान्वि करता है।

आज जब समाचार पत्रों में बच्चों का सी.ए. एम.बी.ए. कम्प्यूटर आदि इसके अतिरिक्त अन्य सभी क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम दस स्थानों तक पहुंचने की खबरे पढ़ते है तो हम सभी लोगों का सीना फूल कर कुप्पा हो जाता है। परिवार के लोगों के अनुसार कु. सारिका की इस गौरवपूर्ण उपलब्धी ने युवा वर्ग की सफलता की कलंगी में एक ओर मयुरपंख जोड़कर समाज के युवा वर्ग को पुन: एक बार झकजोर कर चेतना की एक नई ज्योत जलाई है। झुंझुनूं प्रगति संघ ने भी कु.सारिका के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

रिकबगज अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुशील तुलस्यान बने

माई झुं. न्यूज। झुंझुनूं प्रगति संघ हैदराबाद के अध्यक्ष दी हैदराबाद कटपीस क्लॉथ मर्चेन्ट एसोसियेशन के कोषाध्यक्ष, सक्रिय हैदराबाद में विभिन्न संस्थाओं` कार्यकर्ता सुशील कुमार तुलस्यान को रिकबंगज अग्रवाल समाज (आ.प्र.) के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से समाज के अग्र बन्धुओं ने नियुक्त किया है। तुलस्यान की इस नियुक्ति से समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई प्रेषित की है।

सीएम राजे ने सम्मानित किया डॉ. बघाल को

माई झुं. 15 अगस्त। राज्य स्तरीय स्वाधिनता दिवस समारोह बीकानेर में मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने झुंझुनूं के उपखण्ड अधिकारी डॉ. भागचन्द बघाल को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. बघाल को यह सम्मान गत जनवरी-फरवरी में सम्पन्न राजस्व अभियान शिविरों में किये गये नवाचारों के फलस्वरूप प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने राजस्व लोक अदालतों का आयोजन कर २४७ दावों और ३५२ प्रार्थना पत्रों का आपसी रजामन्दी से निस्तारण किया था।

इसी प्रकार प्रत्येक राजस्व शिविर में कम्प्यूटर के जरिये उन्होंने काश्तकारों को भूमि के नक्शों की 'टु द स्केल' आधारित प्रतियां उपलब्ध कराने का भी नायाब कार्य किया जो राजस्थान में एक नई पहल थी। इस तरह की ४५०० नकलें जारी की गई। उनके इन नवाचारों का लाभ झुंझुनू उपखण्ड क्षेत्र की झुंझुनू और अलसीसर पंचायत समितियों की पंचायतों में आयोजित राजस्व शिविरों में ग्रामीणों को मिला। इन शिविरों में उन्होंने राजस्व रिकार्ड की दुरूस्ती के अनेक ऐसे प्रकरण भी निपटाये जिनके कारण वर्षों से सम्बन्धित खातेदार व गैर खातेदार परेशान थे। डॉ. बधाल द्वारा इन शिविरों की उपलब्धियों और राजस्व लोक अदालत की अवधारणा पर ''लोक अदालत:एक सफल पहल'' नामक पुस्तक भी लिखी थी जिसका विमोचन स्वयं मुख्यमंत्री ने गत १२ अप्रेल को सूरजगढ़ प्रवास के दौरान किया था।

डॉ. भागचन्द बधाल का जन्म १२ अगस्त १९६९ को हुआ। वे आर.ए.एस. अधिकारी के रूप में डेगाना में विकास अधिकारी, चौमू में सहायक कलेक्टर, चौमू, डेगाना, चिड़ावा व दूदू में उपखण्ड अधिकारी, माउण्ट आबू में नगरपालिका आयुक्त तथा जे.डी.ए. में उपायुक्त आदि पदों पर पदस्थापित रहे। सम्प्रति वे झुंझुनू में उपखण्ड अधिकारी के पद पर कार्यरत है। उन्हें सम्मानित किये जाने पर शहर के गणमान्यजन, जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन एवं अन्यजन ने खुशी जाहिर कर डॉ. बघाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। माई झुंझुनूं डॉट कॉम परिवार की ओर से डॉ. बघाल को मिले सम्मान हेतु लख लख बधाईयां।

गान्धी पार्क में बोरिंग एवं प्याऊ का जिर्णोद्वार कृष्णकुमार नांगलिया द्वारा

माई झुं. न्यूज। शहर के हृदय स्थल में स्थित गांधी पार्क जिसका वर्षों पहले निर्माण श्री बल्लभराम नांगलिया द्वारा करवाया गया था इसमें स्थित उन्हीं के परिवार द्वारा निर्मित एवं संचालित प्याऊ का जिर्णोद्वार कृष्णकुमार नांगलिया सुपुत्र स्व. सांवलराम नांगलिया द्वारा करवाया गया है।

जिर्णोद्वार में प्याऊ में ठण्डे पानी हेतु वाटर कुल लगवा कर सुन्दर उपयोगी स्वरूप प्रदान किया गया। इसी के साथ गान्धी पार्क में लगे दूब, पेड़ पौधो आदि के रखरखाव एवं बागवानी हेतु पानी के लिए टयूबवैल (बौरिंग) भी इन्हीं के आर्थिक सहयोग से करवाई गई।

इस अवसर पर पंडित महावीर प्रसाद शर्मा बीदासर वालों द्वारा विधि

विधान पूर्वक पूजा श्यामसुन्दर टमकोरवाला द्वारा नगरपालिका आयुक्त राजेन्द्र जोशी, विश्वम्भरदयाल सहल आदि की गरिमामय उपस्थिति में करवाई गई।

मुकुन्दगढ़ मुख्य डाकघर हाईटेक हुआ

माई झुं. 26 अगस्त। मुख्य डाकघर मुकुन्दगढ़ कस्बे कामंगलवार से हाईटेक हो गया। फास्ट तकनीक और बदले स्वरूप का मंगलवार को प्रदेश के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल संतोष गौरियार ने शुभारंभ किया। आम आदमी का विश्व पटल नाम की इस योजना के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पश्चिम जोन के पोस्ट मास्टर जनरल कुलबीरसिंह ने की। झुंझुनूं डाकघर अधीक्षक बीएम लाखीवाल एवं पश्चिम जोन के सहायक निदेशक बीआर सुथार विशिष्ट अतिथि थे।

इस मौके पर चीफ पोस्ट मास्टर जनरल गौरियार ने मंगलवार को मुकुन्दगढ़ डाकघर के लिए विशेष दिन बताते हुए कस्बेवासियों को भरोसा दिलाया कि अब उन्हें डाकघर के जरिए हर आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी। डाक उसी दिन डिलीवर होगी तथा मनीआर्डर भी उसी दिन उसी समय भिजवाया जा सकेगा। प्रारंभ में आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गायन प्रस्तुत किया। डाकघर के पोस्ट मास्टर जेपी मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डाक सहायक सुरेन्द्रकुमार पोरवाल ने किया। समारोह अध्यक्ष कुलबीरसिंह ने विभाग की नई योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजन से डाकघर की सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

वैट पुस्तक का विमोचन

जयपुर, २० अगस्त। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे ने बुधवार को यहां मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मूल्य संवर्धित कर प्रणाली-२००६ पर लिखी गई पुस्तक के नए संस्करण का विमोचन किया। यह पुस्तक जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष श्री एस.एन. गुप्ता एवं चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट श्री रविन्द्र रानीवाला एवं श्री शंकर अग्रवाल द्वारा लिखी गई है।

श्री छावनी नरेश बालाजी सेवा समिति द्वारा ध्वज पदयात्रा 9 से

माई झुं. न्यूज। श्री छावनी नरेश बालाजी सेवा समिति के व्यवस्थापक शशि कान्त महमिया ने बताया कि समिति द्वारा गत वर्ष की भांति इस बार भी चार दिवसीय ध्वज पदयात्रा सालासर धाम के लिये रवाना होगी। ध्वज पदयात्रा प्रभारी पवन वर्मा ने बताया कि ध्वज यात्रा प्रारम्भ से पूर्व 9 सितम्बर मंगलवार की रात को मंदिर में विशाल रात्रि जागरण होगा तथा इससे पूर्व सायंकाल यात्रा में जाने वाले पदयात्रियों द्वारा विद्वान पण्डितों के सानिध्य में ध्वज पूजन होगा तथा 10 सितम्बर बुधवार को प्रात: आठ बजे यात्रा प्रारम्भ होगी जो रात मुकुन्दगढ़ स्थित बावलिया बाबा मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। उससे अगले दिन रात्रि विश्राम लक्ष्मणगढ़ स्थित सप्तऋषी भवन में होगा तथा 12 सितम्बर शुक्रवार की रात्रि विश्राम धानणी स्थित हनुमान सेवा समिति गेस्ट हाउस में होगा तथा 13 सितम्बर शनिवार को यात्रा सालासर धाम पहुंचकर बालाजी महाराज के चरणों में अपने अपने ध्वज अर्पण कर अपनी मनोकामना पूर्ण का आशीर्वाद लेंगे। व्यवस्थापक पवन वर्मा ने बताया कि इस यात्रा में कोई भी इच्छुक व्यक्ति सेवा शुल्क देकर यात्रा में सम्मलित हो सकता है। ध्वज पदयात्रा में जाने के इच्छुक व्यक्ति मोबाईल नंबर 9351391641 एवं 9352603494 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कलेक्ट्रेट में रैम्प निर्माण की स्वीकृति

झुंझुनू, १८ अगस्त: जिला कलेक्टर टी. रविकान्त ने एक आदेश जारी कर कलेक्ट्रेट में प्रथम तल पर नि:शक्तजनों के आने-जाने के लिए रैम्प निर्माण की स्वीकृति दी है। आदेश के अनुसार यह कार्य स्व विवेक जिला विकास योजनान्तर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इस कार्य के लिए ५ लाख ४९ हजार रूपये की राशि मंजूर की गई है जिसमें ५ लाख रूपये स्व विवेक कोष तथा शेष ४९ हजार रूपये की राशि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा व्यय की जाएगी।

सेठ मोतीलाल पीजी कालेज में यूजीसी व नेक की ओर से सेमीनार

माई झुं. न्यूज। वर्तमान में शिक्षा चरित्र निर्माण के बजाय नौकरी पाने का माध्यम मात्र बन कर रह गई है। इससे शिक्षा के स्तर में निरन्तर गिरावट आई है। इसे रोकने के लिए हमें खुद को एक सिस्टम विकसित करना होगा। यह कहना है महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के कुलपति प्रो. भागीरथसिंह बिजारणिया का। वे रविवार को यहां सेठ मोतीलाल पीजी कालेज में यूजीसी व नेक की ओर से आयोजित सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। सेमीनार के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. नरेश दाधीच ने की। उन्होंने क्वालिटी एश्योरेन्स का निश्चित पैमाना तय करने पर जोर देते हुए कहा कि इन्टरनेट युग में क्लास रूप टीचिंग का महत्व कम हो गया है। उच्च शिक्षा में आए विस्फोट से शिक्षा उद्योग का रूप ले चुकी है। व्यक्ति की डिग्री व उसकी योग्यता में सामंजस्य नहीं होने से शिक्षा का स्तर गिरा है। उन्होंने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए पहले समाज व राजनीति में क्वालिटी एश्योरेन्स लागू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फारचून इंडस्ट्री के डायरेक्टर जनरल एवं नैक स्टेरिंग कमेटी सदस्य डा. रीना रामचन्द्रन तथा यूजीसी के पूर्व सचिव प्रो. जीडी शर्मा ने भी उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के सुझाव दिए। इससे पहले कालेज के प्राचार्य डा. वीके शर्मा व उप प्राचार्य डा. आरके कटेवा ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र के समापन पर संस्था सचिव व निदेशक जीएल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

दो दिवसीय सेमीनार का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल वीएन रत्नाकर ने कहा कि किसी भी संस्था की उन्नति के लिए स्वयं को जानना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि डा. दयाशंकर बावलिया ने आज के युग में शिक्षा की गुणवत्ता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था सचिव जीएल शर्मा ने की। इससे पूर्व प्राचार्य डा. वीके शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। उपप्राचार्य एवं सेमीनार के आयोजक सचिव डा. आरके कटेवा ने सेमीनार के पहुलओं की जानकारी। डा. डीपीसिंह ने सेमीनार का प्रतिवेदन पढ़ा। सेमीनार के दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता गुजरात के डा. जयंती भाई पटेल ने की। जामिया मिलिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली के समीर बाबू तथा डा. अल्पना सैनी मेजबान महाविद्यालय से रेपेटीयर बने। इस सत्र में डा. सविता मनचंदा, पलवल से, डा. एससी भण्डारी, डा. अतुल गर्ग व देवेश प्रतापसिंह ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डा. एससी भण्डारी ने की। सत्र के रेपेटीयर डा. एमसी सोनी व डा. आशीष गर्ग थे। आयोजनें में प्रेस समिति प्रभारी डा. वीएस तंवर एवं डा. सुशील त्यागी ने भी सहयोग किया।

झुंझुनूं नगर वैश्य इकाई का गठन रामचन्द्र तुलस्यान द्वारा

माई झुं. 22 अगस्त। झुंझुनूं जिला वैश्य महासम्मेलन की सभा अग्रसेन भवन झुंझुनूं में वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी रामचन्द्र तुलस्यान की अध्यक्षता में शुक्रवार रात्रि को सम्पन्न हुई। सम्मेलन के महामंत्री श्रीकान्त पोद्दार ने गत सभा की कार्यवाही विवरण पढ़ा। मैरीज ब्यूरों के संयोजक श्यामसुन्दर पोद्दार, ललित भगेरिया, विष्णु चौधरी, विश्वनाथ टीबड़ा, प्रमोद खण्डेलिया, नरोत्तम लाल जालान, सुरेन्द्र अग्रवाल, नवरंगलाल राणासरिया, इन्द्रचन्द जालान सहित अन्य वरिष्ठतम अग्र बन्धुओं की उपस्थिति में झुंझुनूं नगर वैश्य इकाई का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष

पद पर विरेन्द्र शाह, महामंत्री पद पर दिलीप हंसासरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नेमी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवल शाह, उपाध्यक्ष दो प्रदीप मोदी व अनिल राणासरिया, सहसचिव अशोक नीटू केडिया, संगठन मंत्री योगेश हंसासरिया, मंत्री दो कृष्ण पप्पु जालान एवं सुमित गुड्डु गाडिया एवं सदस्यता प्रभारी पद पर विजय केजड़ीवाल को मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के गठन पर अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष मोहनलाल तुलस्यान, सचिव प्रदीप पाटोदिया, परमेश्वर हलवाई, मुरारीलाल रूंगटा, डी.एन. तुलस्यान, अनुज भगेरिया सहित अन्यजन ने खुशी प्रकट कर बधाई दी है।

हैलिना कौशिक महिला महाविद्यालय दीक्षान्त समारोह

माई झुं. न्यूज। मलसीसर के श्रीमती हैलिना कौशिक महिला महाविद्यालय शुक्रवार को दीक्षान्त समारोह मनाया गया। इस मौके पर छात्राओं को डिग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हरिप्रसाद शर्मा ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता है। हमारे समाज तथा देश को आगे बढ़ाना है तो शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। डा. सुरेन्द्र कौशिक ने इसका महत्व समझा और इस वृक्ष को यहां पर लगाया है। यह ग्रामीण छात्राओं में शिक्षा की अलख जगा रहा है। यहां पर विश्वस्तरीय शिक्षा की जरुरत है। विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित माहेश्वरी ने कहा कि किसी भी समाज या परिवार को आगे बढ़ाने के लिए महिला का शिक्षित होना जरूरी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गजल गायक राजकुमार रिजवी, सेठ मोतीलाल महाविद्यालय के सचिव जीएल शर्मा, जेके चतुर्वेदी व एमसी चतुर्वेदी थे। चेयरमैन डा. सुरेन्द्र कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत में महिला शिक्षा का प्रतिशत काफी कम है। इससे पहले अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रारम्भ में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

नगरपालिका मण्डल झुंझुनूं (राज.)

स्वाधीनता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

सार्वजनिक सूचना

1. शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।
2. नगर पालिका का पूर्व का बकाया भूमि रूपान्तरण शुल्क जमा करवाया जाना आपका दायित्व है। कृपया समय में नगर पालिका की बकाया राशि जमा करवाए ताकि शहर का विकास हो सके।
3. पोलीथीन की थैलियों का प्रयोग नहीं करें। पोलीथीन की थैलियों का प्रयोग जानलेवा हो सकता है।
4. वर्षात के जल के संरक्षण हेतु प्रत्येक घर में भूजल पुनर्भरण संरचना का प्रयोग करें। अपने घर का पानी सोखते गड्ढे बनाकर डाले।
5. अपने फलश लेट्रिन का नाला खुली नाली में न छोड़े। यह पेयजल के साथ मिलकर भयंकर महामारी का रूप ले सकता है।
6. सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करें। सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करना दण्डनीय अपराध है। जिसके लिये आपको तीन वर्ष तक की कैद व बीस हजार रुपये तक जुर्माना हो सकता है।

(भारती टीबड़ा)
अध्यक्ष नगरपालिका झुंझुनूं

(राजेन्द्र जोशी)
आयुक्त, नगरपालिका झुंझुनूं

"क्या हम आने वाले 50 साल वैसे ही गुज़ारना चाहते हैं जैसे पिछले पचास साल गुज़रे थे?"कुछ करने की भी कीमत चुकानी पड़ती है और कुछ न करने की भी चुकानी पड़ती है।फैसला आपका है।"अगर हम समाधान का हिस्सा नहीं है तो हम ही समस्या हैं।" शिव खेडा

माई झुंझुनूं डॉट कॉम समाचार पत्र नेट पर देखें

www.myjhunjhunu.com/newspaper

1. मासिक समाचार पत्र का रंगीन संस्करण नेट पर उपलब्ध है।
2. आप अब तक के 18 तथा चालू माह सहित 19 अंक नेट पर देख सकते हैं।
3. मुद्रित समाचार पत्र के आपके पास पहुंचने से पहले ही वैब पर उपलब्धता
4. वांछित अंक को आप Save करके बाद में भी देख सकते हैं।

THINK JHUNJHUNU THINK MY JHUNJHUNU